12. आगरा–

जनपद आगरा से वर्ष 2014–15 में गर्भधारण के 01, वर्ष 2016–17 में गर्भधारण के 10, जटिलता के 02 एवं वर्ष 2017–18 में गर्भधारण के 10 एवं जटिलता के 01 **कुल 24** दावा प्रपत्र प्राप्त हुये है जिनको समिति के समक्ष अवलोकनार्थ/परीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त 24 दावा प्रपत्रों के सापेक्ष 15 दावा प्रपत्र स्वीकृत किया गया। शेष 09 दावा प्रपत्रों में कमियॉ पाई गयी, जिसका विवरण निम्नवत है:–

वर्ष 2014–15

1. श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री इन्द्रजीत निवासी अजीजपुर धनौली जनपद आगरा के दावा प्रपत्र में संलग्न सहमति प्रपत्र में यू०पी०टी० पॉजिटीव है या निगैटिव इसका कही उल्लेख नही किया गया है। दिनांक 08.11.2013 को लाभार्थी की नसबन्दी हुई है तथा दिनांक 22.03.2014 को अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट में 27 week and 6 Days की लाभार्थी गर्भवती हुई है। अतः नसबन्दी की तिथि एवं अल्ट्रासाउण्ड की तिथि के मिलान से सम्भावना है कि नसबन्दी के समय लाभार्थी गर्भवती थी।

वर्ष 2016–17

2. श्रीमती पिंकी पत्नी श्री दिनेश चन्द्र निवासी 46/98/2 भीमनगर जगदीशपुरा जनपद आगरा के दावा प्रपत्र में संलग्न अभिलेखों से असफल नसबन्दी उपरान्त लाभार्थी को जटिलता हुई है, साक्ष्य संलग्न नही है तथा जनपद स्तरीय समिति के प्रमाण पत्र गर्भधारण की संस्तुति की गई है गर्भधारण की नही।
3. श्रीमती रेखा पत्नी श्री रामवरून निवासी मउआखेड़ा खेरागढ़ जनपद आगरा के दावा प्रपत्र में संलग्न सहमति प्रपत्र में यू०पी०टी० पॉजिटीव है या निगैटिव इसका कही उल्लेख नही किया गया है। दिनांक 14.12.2016 को लाभार्थी की नसबन्दी हुई है तथा दिनांक 23.03.2017 को अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट में 22 week and 6 Days की लाभार्थी गर्भवती हुई है। अतः नसबन्दी की तिथि एवं अल्ट्रासाउण्ड की तिथि के मिलान से सम्भावना है कि नसबन्दी के समय लाभार्थी गर्भवती थी।
4. श्रीमती दीपा पत्नी श्री सतीश चन्द्र निवासी ग्राम कागरौल तहसील खेरागढ़ जनपद आगरा के दावा प्रपत्र में संलग्न सहमति प्रपत्र में यू०पी०टी० पॉजिटीव है या निगैटिव इसका कही उल्लेख नही किया गया है। दिनांक 08.11.2016 को लाभार्थी की नसबन्दी हुई है तथा दिनांक 21.01.2017 को अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट में 17 week and 3 Days की लाभार्थी गर्भवती हुई है। अतः नसबन्दी की तिथि एवं अल्ट्रासाउण्ड की तिथि के मिलान से सम्भावना है कि नसबन्दी के समय लाभार्थी गर्भवती थी।
5. श्रीमती शशि पत्नी श्री धर्मवीर निवासी ग्राम व पोस्ट मेवली जनपद आगरा के दावा प्रपत्र में असफल नसबन्दी उपरान्त गर्भधारण पुष्टि की तिथि (जन्म प्रमाण पत्र दिनांक 31.10.2016) एवं (क्लेम दिनांक 14.04.2017) अंकित है, जिससे स्पष्ट होता है कि लाभार्थी द्वारा गर्भधारण की जानकारी होने की तिथि से 90 दिन बाद क्लेम किया गया है।
6. श्रीमती कृष्णा पत्नी श्री संजय निवासी नई आबादी प्रेम नगर शाहगंज जनपद आगरा के असफल नसबन्दी उपरान्त जटिलता का प्रकरण है पर जनपद स्तरीय समिति द्वारा जारी प्रमाण पत्र पर गर्भधारण की संस्तुति की गई है, जो कि उचित नही है।